ठंड ने दिखाए तेवर तो निकल आए गर्म कपड़े

बाजार में बढ़ी गर्म कपड़ों की मांग, फसलों के लिए मौसम फायदेमंद

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नवंबर माह में ही धीरे-धीरे सर्दी का असर शुरू हो गया है लोगों को अब ठंड का अहसास होने लगा है। अभी तक सर्दी का असर लोगों को समझ में नहीं आ रहा था लेकिन दीपावली के बाद से शाम से सर्दी ने अचानक अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया और अब हालत यह है कि धीरे-धीरे जाड़ा अपने पैर पसारने की तैयारी करने लगा है। दिन के समय में लोग धूम में खड़ा होना पसंद करने लगे हैं वहीं रात को आग के पास बैठकर ही लोगों को सुकून मिल रहा है। गर्म कपड़ों की डिमांड भी बढ़ गई है।

गर्म कपड़ों का उपयोग - नवंबर माह में दीपावली के बाद से ठंड बढ़ने से लोग दिन में भी गर्म कपड़े पहन कर सफर कर रहे थे। शीतकालीन सत्र में अभी तक गर्म कपड़ों का उपयोग नही हो रहा था। अचानक ठंड बढ़ जाने के कारण जहां लोग धूप में भी गर्म कपड़े पहने हुए थे। वहीं रात के समय ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा भी लेने लगे हैं। वहीं दिन के समय में लोग धूप और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

3 डिग्री लुढ़का पारा - मौसम विभाग से मिली जानकारी में बताया गया है कि लगभग 2 डिग्री तापमान में गिरावट आ जाने के कारण ठंड पढ़ने लगी है। जिले का न्यूनतम तापमान लगभग 26 डिग्री पहुंच गया है जबकि अभी तक 29 डिग्री के आसपास जिले का न्यूनतम तापमान रहा है तो वहीं अधिकतम तापमान 26 डिग्री के आसपास पहुंचा है जबकि अभी तक 28 से 29 डिग्री के बीच अधिकतम तापमान जिले का बना हुआ था। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो तापमान में अभी और गिरावट दर्ज की जाएगी।

फसलों के लिए मौसम है अच्छा ञ ठंड बढ़ जाने से फसलों के लिए यह मौसम अभी अच्छा माना जा रहा है सबसे ज्यादा गेहूं की फसल के लिए ठंड भर यह मौसम अच्छा है। किसानों ने बताया कि बारिश होती है तो इससे सभी फसलों के लिए लाभकारी होंगी और खेतों में तैयार हो रहे हैं चना, मसूर, सरसों, अलसी के पौधे तेजी से बढ़ेंगे तो वहीं गेहूं की बोनी भी समय पर किसान कर सकेंगे।

अस्पताल में बढ़ रहे सर्दी जुखाम के मरीज - मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्दी, जुखाम,खांसी, सिर दर्द संबंधी बीमारी से पीड़ित मरीज देखे जा रहे हैं। इसके अलावा वायरल फीवर के मरीजों की संख्या अस्पताल में ज्यादा देखी जा रही है। जिला अस्पताल में हर दिन लगभग 300 से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। इनमें से 50 फीसदी मरीज सर्दी, खांसी, जुखाम, सिर दर्द से संबंधित बीमारी की शिकायतें लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

गांवों की समस्याओं से रूबरू हुईं कलेक्टर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर शीतला पटले ने नरसिंहपुर विकासखंड के आने वाले विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएँ जानी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर पटले ने ग्राम पंचायत लिघारी के ग्राम खापा में निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत जिला संयोजक जनजातीय कार्यविभाग से योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यहाँ आयोजित कैम्पों के माध्यम से आज ही पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये।

ग्राम पंचायत लिघारी में कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर पटले ने ग्राम रोजगार सहायक नीलेश मेहरा की सेवा समाप्ति और ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस देने के निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि यहाँ

हैंडपंप के सुधार की आवश्यकता है।

इस पर उन्होंने लिए पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम लवेरी में ग्रामीणों से हुए संवाद में उन्हें अपनी जमीन पर खेत- तालाब का निर्माण करने प्रोत्साहित किया और इससे होने वाले फ़ायदे के बारे में बताया।

ग्राम पंचायत डुडवारा में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। यहां बताया गया कि 16 आयुष्मान कार्ड बनाना शेष है। इस पर कलेक्टर ने शेष आयुष्मान कार्ड जल्द बनाने के निर्देश दिये।

ग्राम डुडवारा के लिए छात्रावास का प्रस्ताव बनाने के निर्देश जिला संयोजक जनजातीय कार्यविभाग को मौके पर दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां के सभी स्कूलों की मरम्मत की जाये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम, सीईओ जनपद, अन्य जिला अधिकारी, मैदानी अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे।

सार-समाचार

राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत प्रकरणों का किया जा रहा निराकरण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राजस्व महाअभियान के प्रथम चरण और द्वितीय चरण की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग द्वारा राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को सुधारने का कार्य जिले में लगातार जारी है।

घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक जिले में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में घरेलू हिंसा से महिलाओं की संरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में 29 नवम्बर को प्रात: 11.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर ने दी है।

नवोदय में एलुमिनी मीट आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी नरसिंहपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिसंबर के प्रथम रविवार 1/12/2024 को एलुमिनी मीट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 150 पूर्व छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहेगी। बैठक में उपस्थित की अपील की गई है।

एनटीपीसी द्वारा परियोजना से प्रभावित सात गांवों को स्ट्रीट लाइट प्रदान की

गाडरवारा, देशबन्धु। एनटीपीसी गाडरवारा की परियोजना से प्रभावित सभी 7 गांवों में नैगम सामाजिक दायित्व-सीएसआर के अंतर्गत 70 स्ट्रीट लाइट चार पंचायतों के सरपंचों को प्रदान की गई। सरपंचों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि सभी गांवों में 10 से 15 दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट लगा दी जायेगी। एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा परियोजना से प्रभावित ग्राम चोरबरहेटा, डोंगरगांव, कुडारी, मेहराखेड़ा, उमरिया, गांगई तथा घाटपिपरिया में कुल 70 स्ट्रीट लाइन प्रदान की गई।

अच्छा बाजार एक दिसंबर से शुरू

गाडरवारा, देशबन्धु। जिला गुड़ व्यापारी संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार बताया जाता है कि सत्र 2024-25 का गुड़ बाजार गाडरवारा 1 दिसंबर दिन रविवार से प्रारंभ होने जा रहा है। किसान गुड़ विक्रय के लिए कृषि उपज मंडी गाडरवारा प्रांगण में ला सकते हैं।

बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशुधन भैंस इकाई व स्वीकृति पत्रक का वितरण आज

अनूपपुर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजनांतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशुधन भैंस इकाई व स्वीकृति पत्रक का वितरण कार्यक्रम विकासखंड कोतमा के ग्राम पंचायत सारंगगढ़ में 29 नवम्बर को प्रात: 11.30 बजे से आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग अनूपपुर के उप संचालक डॉ. बी.बी. चौधरी ने बताया है कि कार्यक्रम में म.प्र. शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

स्कूली छात्रों से डीआईजी ने किया संवाद

अनूपपुर, देशबन्धु। पवित्र नगरी अमरकंटक में संचालित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के सभा कक्ष में अभिमन्यु एवं हम होंगे कामयाब योजना के तहत कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना तथा जिज्ञासु बालक बालिकाओं के प्रश्नों का उत्तर देकर समाधान किया। विद्यालय के खचाखच भरे सभा हाल मे उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी हाल में डरिए नहीं निडर रहिए। असफलता से बिल्कुल भी भयभीत होना नहीं चाहिए वह आपका आगे का मार्ग प्रशस्त करता है। समस्याएं आती जाती रहती हैं पुलिस उपमहानिरीक्षक सविता सोहाने ने कहा कि जीवन संघर्ष मय है, यह पढ़ाई के पहले भी आता है। पढ़ाई में आता है, उसके बाद भी संघर्ष आता है। इसी तरह समस्याएं भी आपके मार्ग में आएंगे। उनका डटकर मुकाबला करिए आपके व्यवहारिक जीवन में भी कई समस्याएं आएंगी। कई तरह की परेशानी भी आती है कोई आपको परेशान करता है, आप उसकी शिकायत डायल 100 तथा महिला 1090 एवं थाना में शिकायत करिए। पुलिस आपके सहयोग के लिए है हमारा कर्तव्य सेवा करना है। कार्यक्रम के अंत में पुलिस उपमहानिरीक्षक सविता सोहाने ने बालक बालिकाओं को शपथ दिलाया कि एक दूसरे का सम्मान करेंगे तथा आगे बढ़ने में एक दूसरे का मदद करेंगे। कार्यक्रम का आभार अमरकंटक थाना प्रभारी कालीराम परते ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अनुज मिश्रा, शिक्षक जितेंद्र तिवारी, चरण सिंह उईके, व्यायाम शिक्षक संगीता दीन उप निरीक्षक बसंत सिंह गौवलिया, आरक्षक अमलेश बघेल उपस्थित रहे। अंत में पुलिस उप महानिरीक्षक ने बालक बालिकाओं को फल वितरित किया तथा बालक बालिकाओं के साथ फोटो खिंचवाया।

ब्लॉकस्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम में सबने साझा किए अपने अनुभव

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम जनपद पंचायत चीचली में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान 3 मास्टर ट्रेनर, 5 आनंदक, 60 प्रतिभागी एवं सीईओ जनपद डी आर उईके ने कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया।

मास्टर ट्रेनर दीप्ति ठाकुर ने जीवन का लेखा- जोखा और यमुना विश्वकर्मा द्वारा आनन्द की ओर विषय से सदन को जोड़ा। मुक्ति राय ने रिश्ते पर गतिविधि के साथ विचार रखे। अपने अंतर्गत गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुति दी। आनंदक शशिकांत मिश्र ने जीवन में मदद किसने की पर अपने जीवन से जुड़े घटना क्रम को साझा किया। प्रतिभागियों में विभिन्न विषय सत्रों पर अपने जीवन से जुड़ी स्मृतियां साझा

की। आनंदक अमित नामदेव एवं शुभम नाथ द्वारा कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग प्रदान दिया। आनंदक धर्मेन्द्र चंदेल एवं आनंदक सत्यम नेमा ने कार्यक्रम का संचालन किया। चीचली ब्लॉक में संच कार्यशाला में आनन्द एवं सकुशलता को मापने के पैमानों की पहचान की सार्थक अनुभूति की। कार्यक्रम में जनपद पंचायत द्वारा आनंदक पेय और आनंद भोज की व्यवस्था प्रदान की। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

बच्चों ने दिखाया हुनर, बनाये चित्र

गोटेगांव, देशबन्धु। मुंगवानी और थाना ठेमी क्षेत्र में संविधान दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में संविधान के प्रति जागरूकता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर किया गया, जिसमें छात्रों की कलाकृतियों का मूल्यांकन एक विशेष टीम द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के चित्रों का आकलन कर उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर चयनित किया।

सीएम राइज विद्यालय की छात्रा धनवती मेहरा ने अपनी उत्कृष्ट कला के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। करकबेल ठेमी की ओजस्वी नेमा ने अपनी

सृजनात्मकता के दम पर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मुंगवानी की मुस्कान ठाकुर ने अपने प्रभावशाली चित्र से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी, थाना प्रभारी प्रदीप सराफ, और प्राचार्य ठाकुर निरंजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ आयोजन में गठित थीम और शिक्षकों की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें संविधान और देश की मूलभूत अवधारणाओं को समझने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और सभी बच्चों के सम्मान के साथ किया गया। इस सफल आयोजन ने क्षेत्र के बच्चों में कला और शिक्षा के प्रति नया उत्साह पैदा किया।

शिविर में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का उपचार

23 बच्चे ऑपरेशन के लिए चिन्हित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम- आरबीएसके टीम के द्वारा चिन्हित हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, नोडल आरबीएसके डॉ. सुनील पटेल एवं केम्प प्रभारी डॉ. देवेंद्र रिपुदमन मौजूद थे।

इस शिविर मे 75 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिसमें 23 बच्चों का ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया। इनका उपचार आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत किया जायेगा। मरीजों की जांच अरबिंदो मेडिकल विश्वविद्यालय के शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत अग्रवाल के द्वारा की गई। प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र

सिंह राणा, कार्डीक समन्वयक सतीश मंडलोई ने अपनी सहभागिता दी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य संभावित हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें नि:शुल्क एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना हैं। शिविर मे समस्त आरबीएसके आयुष चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा।

डॉ. अमित सोनी, डॉ उर्मिला चक्रवर्ती, डॉ. प्रभा भट्ट, डॉ. दीप्ति व्यास, डॉ. गौरी सोनी, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. विजय रंजन, डॉ. हरिओम कौरव, सतीश उपाध्याय, आरती शर्मा, राकेश लोधी, रोहित पाण्डेय, छोटेलाल यादव का इस शिविर में अपना योगदान दिया।

जीवन में जिसने मदद की उसके प्रति हमेशा रखें कृतज्ञता का भाव

गाडरवारा, देशबन्धु। राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम जिले कीजनपद पंचायत चीचली में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 3 मास्टर ट्रेनर, 5 आनंदक, 60 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान सीईओ जनपद डीआर उईके ने अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। कार्यक्रम उपरान्त सभी सहभागियों के सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए।

मास्टर ट्रेनर दीप्ति ठाकुर ने जीवन का लेखा- जोखा व वर्तमान में लोगों की भाग दौड़ भरी जिंदगी, व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति के बारे में विस्तार से बताया। यमुना विश्वकर्मा द्वारा स्वयं के जीवन में आनन्द की अनुभूति के साथ परिवार व कार्यस्थल के साथ सामाजिक जीवन में भी आनन्द रहे, जिससे दूसरों को भी आनंदित किया जा सके आदि के बारे में बताया। मुक्ति राय ने पारिवारिक-सामाजिक के साथ व्यक्तिगत रिश्तों के आनंद के साथ सौहार्द का वातावरण निर्माण करने के उपायों जैसे सामूहिक भोज, नृत्य, भजन-पूजन, खेल व निर्णय आदि के बारे में बताया। उन्होंने संबंधित गतिविधि के साथ सम्पादन पर सत्र में विचार रखे और आनंदक गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुति दी।

आनंदक शशिकांत मिश्र ने जीवन में मदद किसने की उसका स्मरण और उसके प्रति कृतज्ञता का भाव रखने जैसे जीवन से जुड़े घटना क्रम को साझा किया। प्रतिभागियों ने सभी सत्रों में क्रमश: विभिन्न विषय पर अपने जीवन से जुड़ी स्मृतियां साझा की। आनंदक अमित नामदेव एवं शुभम नाथ द्वारा कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग प्रदान दिया। आनंदक धर्मेन्द्र चंदेल एवं आनंदक सत्यम नेमा ने कार्यक्रम का संचालन किया। चीचली ब्लॉक में संचालित एक दिवसीय अल्पविराम आनन्द की कार्यशाला में आनन्द एवं कुशलता को मापने के पैमानों की पहचान करते हुए सार्थक अनुभूति की। अल्पविराम कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने फीडबैक के रूप में बताया कि यह कार्यक्रम वर्तमान की भाग-दौड़ और कार्य के संपादन व क्रियान्वयन के मानसिक दबाव को न केवल कम करेगा, बल्कि लोगों के व्यक्तिगत, पारिवारीक तथा सामाजिक जीवन में आनन्द की सुखद अनुभूति करायेगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत द्वारा आनंदक पेय और आनंद भोज की व्यवस्था प्रदान की।

छह नाबालिग छात्रों के दोपहिया वाहन चलाने पर हुई कार्रवाई, अभिभावकां को अंतिम चेतावनी

अनूपपुर, देशबन्धु। नाबालिग द्वारा दो पहिया वाहन चलाये जाने के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान ने अभियान छेड़ते हुए कार्यवाही के निर्देश जारी किए थे, जिस पर कोतवाली पुलिस ने 28 नवम्बर गुरूवार की सुबह भारत ज्योति स्कूल अनूपपुर के पास अभियान चलाते हुए 6 नाबालिग को दो पहिया वाहन चलाते हुए कार्यवाही की गई। जहां कार्यवाही के दौरान नाबालिग छात्रों से एमपी 65 एमबी 9289, एमपी 65 एस 3014, एमपी 65 एमडी 8664, एमपी 65 एमई 6615, एमपी 65 एमडी 0639 को मोटर व्हीकल एक्ट में जब्त करते हुए चालानी कार्यवाही करते हुए उनके अभिभावको को सूचना देते हुए थाना बुलाया गया है।

पुलिस ने कहा कि अगर कोई नाबालिग दोपहिया या चार पहिया वाहन चलाता हुआ पाया जाता है, तो उसके माता-पिता और वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने नाबालिग छात्रों के अभिभावको को समझाईश दी है कि 18 साल से कम उम्र के व्यक्तियों द्वारा दोपहिया और चार पहिया वाहन बिना वैद्य लायसेंस के बिना चलाने दिए जाने पर कड़ी चेतावनी जारी की है। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान ने बताया कि नाबालिगों से जुड़ी कई घटनाओं के मद्देनजर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान का हिस्सा है।उन्होने किसी भी माता-पिता को अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया या चार पहिया वाहन नहीं चलाने देने की अपील की है।

बीईओ एवं बीआरसी ने किया शालाओं का निरीक्षण

गाडरवारा, देशबन्धु। बीते गुरुवार को साईखेड़ा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या ने बीआरसी संदीप स्थापक के साथ क्षेत्र की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण करते हुए जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के समीपी ग्रामो चिरहकला, चामचोंन एवं धोखेड़ा की शासकीय माध्यमिक शालाओं एवं ग्राम नीमच की शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण करते हुए बच्चों के शेक्षणिक स्तर को जाँचा। इस दौरान उन्होंने एफएलएन एवं एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं को देखा एवं उन्हें जाँचने के निर्देश दिए एवं कहा कि दिसंबर माह मे अर्धवार्षिक परीक्षा होना है। परीक्षा के मद्देनजर निर्धारित कोर्स समय सीमा मे पूर्ण हों। छात्र छात्राओं की अपार आईडी जल्द बनाये एवं पढ़ाई मे गुणवत्ता हो इस उद्देश्य को लेकर सभी कार्य करें। इस अवसर पर जनशिक्षक नेपाल झारिया व शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए